53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 27.0°c अधिकतम 31.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:52, सूर्यास्त - 6:52 | वर्ष : 53/अंक : 234 सोमवार, 25 अगस्त 2025 भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

दूसरों की मदद करने से जिस सुख की अनुभूति होती है, उसको व्यक्त नहीं किया जा सकता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

दलितों और पिछड़ों का मान मर्दन करना अखिलेश की पुरानी आदत है: केशव प्रसाद मौर्य



वोट मिलते हैं जिनके भर-भर कर... मान उनका बहुत जरूरी है....

# बॉयलर की पाइप लाइन का ज्वाइंट फटा, दांव पर लग गई चार ज़िंदगियां

## - एक को मिली छुट्टी, तीन में से एक की हालत गंभीर

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** जिले में शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब मुजफ्फरनगर के जौली रोड़ स्थित थाना सिखेड़ा में कृष्णांचल पेपर मिल में बॉयलर के पाईप लाइन से कम्प्रेशर का ज्वाइंट फटने के कारण हादसे हुआ, जिसमें चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया है।

हादसा शनिवार रात करीब 9 बजे हुआ, जब मिल में सामान्य कामकाज चल रहा था। अचानक बॉयलर की फिटेड लाइन में तेज धमाका हुआ और वह फट गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि दूर तक सुनाई दी। बॉयलर पाईप लाइन फटने के कारण मिल में चारों मजदूर चपेट में आ गए। आनन-फानन में अन्य मजदूरों और प्रबंधन के लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने तुरंत झुलसे मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। सभी घायल मजदूरों को गंभीर हालत में मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल मजदूरों की पहचान शेशराज पुत्र घसीटू निवासी काशीपुर थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर, चंद्रभान गुप्ता पुत्र देशराज निवासी भगवानपुरी थाना सिखेड़ा जो मेरठ के सुभारती मेडिकल में भर्ती है। सचिन कुमार पुत्र सुरेश पाल गांव रहकड़ा थाना भोपा मुजफ्फरनगर जो मिनोचा नर्सिंग होम मुजफ्फरनगर में भर्ती है। सचिन नायक पुत्र श्यामलाल निवासी रौरेया निवासी कासगंज पटियाला पंजाब जिसकी हालत ठीक होने के चलते हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही सिखेड़ा थाना इंस्पेक्टर योगेन्द्र शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया साथ ही घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मिल के एम.डी. प्रतीक भाटिया ने इस मामले पर बयान देते हुए बताया कि घटना के बाद से मिल के एक अन्य कर्मचारी को उनकी देख-रेख के लिए भेजा हुआ है। समय-समय पर उनकी जनकारी ली जा रही है। उन्हें साफ-साफ कहा गया है कि उपचार में कोई भी लापरवाही ना हो ओर अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट हो उनके लिए लगाया गया है, जो हमारी जिम्मेदारी भी हैं। फिलहाल इस घटना ने एक बार फिर से औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर सवाल तो खड़े कर ही दिए हैं। थाना प्रभारी सिखेड़ा योगेंद्र शर्मा ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए गहनता से जांच की जा रही है। अगर कोई अनहोनी होती है सख्त कार्रवाई की जाएंगी।



घायल मजदूर










मौके पर जांच करते अधिकारी




# 10 दिन से लापता युवक की बाइक बरामद

## - खतौली नहर के नजदीक अंडर पास से क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** शहर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत साकेत मौहल्ले से एक युवक के लापता होने का मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त स्थिति में खतौली नहर के निकट अंडरपास से बरामद की है। पुलिस अब मामले में किसी अनहोनी के हो जाने का शक जाहिर कर रही है, क्योंकि जिस स्थिति में बाईक बरामद की गई है और उसके बावजूद युवक का कोई अता पता नहीं लग पाया है, तो उसको देखकर यही कहा जा सकता है। फिलहाल इस घटना ने एक बाद लापता शिवम के परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। लापता शिवम फास्टफूड की रेहड़ी लगाता था। पुलिस और परिजन दोनों उसकी तलाश में जुटे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है। शिवम थाना सिविल लाइन क्षेत्र साकेत कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहता है और पिछले कई वर्षो से फास्टफूड की रेहड़ी चलाकर अपनी आजीविका चला रहा था। 15 अगस्त की सुबह वह रोज की तरह घर से बाईक लेकर निकला था, लेकिन उसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस द्वारा कई जगहों के सीसीटीवी देखने के बाद शिवम खतौली नहर की ओर जाते हुए दिखाई दिया, लेकिन पुलिस को शिवम की क्षतिग्रस्त बाइक ही बरामद हो पाई है। फिलहाल परिवार वाले शिवम के सकुशल घर लौटने की उम्मीद के साथ रोज थाने में जाकर जानकारी जुटाने को बेबस है और भगवान भरोसे है।



लापता युवक



बरामद बाइक

# ट्रंप का नहीं चला रूस पर जोर तो भारत की शरण में जेलेंस्की, जल्द करेंगे दौरा

## - पीएम मोदी पर जताया भरोषा, अधिकारिक पुष्टि का इंतजार

**कीव, 24 अगस्त (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की जल्द ही भारत का दौरा कर सकते हैं। भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्सांद पोलिशचुक ने शनिवार को इसकी पुष्ट करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण के बाद दोनों पक्ष तारीख तय करने में जुटे हैं। पोलिशचुक ने कहा, 'भारतीय प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया है। दोनों पक्ष इस पर काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की निश्चित रूप से भारत आएंगे।' खास बात है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी भारत आने वाले हैं। यूक्रेनी राजदूत ने कहा कि 'यह (जेलेंस्की का दौरा) हमारे द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी उपलब्धि होगी। हम एक निश्चित तारीख पर सहमत होने की कोशिश कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने अगस्त 2024 में यूक्रेन का ऐतिहासिक दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया था। दोनों नेता अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों के दौरान कई अन्य अवसरों पर भी मुलाकात कर चुके हैं।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक सवार पत्नी की मौत, पति हुआ घायल

## - पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

**चरथावल, 24 अगस्त (बु.)।** ग्राम टांडा-हसनपुर लुहारी मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से बाईक सवार घायल हो गया, जबकि पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद शामली थाना थानाभवन के जलालाबाद के मौहल्ला आर्य नगर निवासी जनेश्वर अपनी पत्नी मुनेश (50) के साथ बाइक द्वारा रविवार को करीब 03 बजे घर लौट रहा था, जब वह टांडा-हसनपुर लुहारी मार्ग पर पहुंचा, तभी तेजगति से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से पति मामूली घायल हो गया, जबकि पत्नी की मौके पर मौत हो गयी। चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गया। मौत की सूचना से स्वजन में शोक छा गया। सड़क हादसे की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उन्होंने ने बताया कि पीड़ित की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं आई है।






# 100 देशों में इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात करेगा भारत, पीएम मोदी बोले- 6जी पर भी चल रहा है तेजी से काम

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि 2025 के अंत तक भारत में बनी पहली सेमीकंडक्टर चिप बाजार में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही, भारत 6जी नेटवर्क पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जल्द ही 100 देशों में इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात करेगा। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरमह्ल में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ह्लपहले भारत सेमीकंडक्टर बनाने का मौका चूक गया था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। आज भारत में सेमीकंडक्टर की फैक्ट्रियां लग रही हैं। इस साल के अंत तक ह्लमेड इन इंडियाह्ल चिप बाजार में आएगी।ह्ल पीएम मोदी ने कहा कि कई दशकों पहले भारत सेमीकंडक्टर निर्माण में शामिल होने का मौका गंवा चुका था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। उन्होंने बताया कि ह्ल50-60 साल पहले सेमीकंडक्टर निर्माण भारत में शुरू हो सकता था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आज हमने इस स्थिति को बदल दिया है और भारत में सेमीकंडक्टर से जुड़े कारखाने बनने शुरू हो गए हैं।ह्ल इस साल के अंत तक बाजार में आने वाली पहली ह्लमेड इन इंडियाह्ल चिप इस बदलाव का हिस्सा है। इसके अलावा, 6जी तकनीक पर तेजी से काम चल रहा है, ताकि भारत वैश्विक तकनीकी प्रगति में आगे रहे। पीएम मोदी ने इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि की बात कही। उन्होंने घोषणा की कि भारत अब अपने ईवी को 100 देशों तक निर्यात करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लदो दिन बाद, 26 अगस्त को इस संबंध में एक बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है।ह्ल यह कदम भारत को ईवी क्षेत्र में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित करेगा। पीएम ने भारत की अर्थव्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि ह्लरिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्मह्ल के मंत्र के साथ भारत अब वैश्विक मंदी से उबरने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि ह्लहम लोग ठहरे हुए पानी में पत्थर नहीं फेंकते। हम तेज बहती धारा को मोड़ने वाले लोग हैं।ह्ल यह घोषणाएं भारत को तकनीक और उद्योग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।








# अग्निवीर भर्ती रैली में बागपत व बिजनौर के युवाओं ने दिखाया दमखम

**- दलालों से बचने की अफसरों ने दी युवाओं को सलाह - सेना भर्ती अधिकारी ने परखी भर्ती व्यवस्था, दिखाई हरी झंडी**

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** रविवार को क्षेत्रीय भर्ती अधिकारी मुख्यालय भर्ती क्षेत्र उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की ओर से मुजफ्फरनगर मुख्यालय के चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन बिजनौर के साथ बागपत जिले के 896 अभ्यर्थियों ने दौड़ के माध्यम से भारतीय सेना में जगह बनाने की खातिर जमकर पसीना बहाया। रविवार को भर्ती प्रक्रिया के बीच व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे मेजर जनरल मनोज तिवारी क्षेत्रीय भर्ती अधिकारी, मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) ने चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मुजफ्फरनगर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का दौरा करने के साथ पहली दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भर्ती अधिकारी मेजर जनरल मनोज तिवारी ने रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। एआरओ मेरठ द्वारा स्थानीय सैन्य प्राधिकरण के साथ नागरिक प्रशासन की सक्रिय सहायता से विस्तृत और सुविचारित व्यवस्था की गई है। अग्निवीर भर्ती रैली में अभ्यर्थियों को सुगम प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था द्वारा सुविधा प्रदान करने पर जोर देने के कारण रैली उत्साहजनक रही। रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों ने अनुशासन और ईमानदारी के साथ उच्च स्तर को दिखाया जो अग्निवीर सेना भर्ती रैली योजना में उनके विश्वास का प्रमाण है। इस दौरान अभ्यर्थियों को अवगत कराया गया कि सेना भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है, जिसमें पर्याप्त जांच के साथ संतुलन की व्यवस्था है और किसी धोखाधड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। ऐसे में अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे दलालों या एजेंटों से बचें। यदि कोई ऐसा व्यक्ति उनके संपर्क करता है तो मामले की सूचना तुरंत जिला प्रशासन या भर्ती अफसरों को दें। भर्ती संगठन में हमारा आदर्श वाक्य हमेशा एक पूर्ण निष्पक्ष व पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ का चयन करना रहा है।




# प्लॉट में घुसे जानवर को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**भोपा, 24 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली फतेह अली में प्लॉट में घुसकर चारा खाने वाले जानवर को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें महिला समेत कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक पक्ष के लगभग आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव रुड़कली फतेह अली निवासी सावेज ने बताया कि बीते शुक्रवार को उसके पड़ोसी सुक्का के प्लॉट में कोई जानवर घुस गया और उसका चारा खा गया, जिसको लेकर सुक्का ने उसके भाई शमीम पर हमला कर दिया। शमीम का शोर शराबा सुनकर जब वह और उसके पिता मो. नबी मौके पर आए, तो आरोपी ने अपने परिवार के लगभग आधा दर्जन आरोपियों को मौके पर बुला लिया और सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से उन पर हमला बोल दिया, जिससे उसके पिता को गंभीर चोटें आई। आरोपियों के बुलंद हौसले देखकर वह सभी अपनी जान बचाकर घर में घुस गए, लेकिन आरोपियों ने धारदार हथियारों के साथ उनके घर पर चढ़ाई कर दी, जब शमीम और उसकी पत्नी रुबीना ने आरोपियों का विरोध किया, तो आरोपियों ने दोनों के साथ भी मारपीट की। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए, जिसके बाद पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुक्का, सनव्वर, जमशेद, मुकर्रम और शाकिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, 931 करोड़ रुपये की है संपत्ति



**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू एक बार फिर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्रियों की सालाना लिस्ट में टॉप पर हैं। उनकी घोषित 931 करोड़ रुपये की संपत्ति का अधिकांश हिस्सा परिवार की विशुद्ध डेयरी रिटेल कंपनी में हिस्सेदारी से आया है, जिसकी स्थापना उन्होंने 33 साल पहले बिना किसी सरकारी सहायता के की थी। मुख्यमंत्रियों की ओर से पिछले विधानसभा चुनाव से पहले दायर हलफनामों पर आधारित यह एडीआर की रिपोर्ट है। इसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सूची में सबसे नीचे रखा गया है। नायडू के पास हेरिटेज फूड्स लिमिटेड में कोई शेयर नहीं है। दूध और डेयरी उत्पाद की खुदरा विक्रेता हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की स्थापना 1992 में मात्र 7000 रुपये की प्रारंभिक पूंजी के साथ की गई थी जो 1994 में शेयर बाजारों में लिस्टेड हुई थी। नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी नारा के पास कंपनी की 24.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जिसे आंध्र के मुख्यमंत्री की संपत्ति में गिना जाता है। नारा परिवार के पास हेरिटेज फूड्स का कुल 41.3 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका पूंजीगत बाजार मूल्य 1995 के मात्र 25 करोड़ रुपये से बढ़कर 4,381 करोड़ रुपये हो गया है। जून 2024 के दौरान पूंजीगत बाजार मूल्य अपने अब तक के उच्चतम स्तर 6,755 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें 1,81,907 शेयरधारक थे जो अब तक की सर्वाधिक संख्या है।

संदर्भ को समझाते हुए हेरिटेज फूड्स के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी विशुद्ध रूप से डेयरी उत्पादों की खुदरा विक्रेता है और बुनियादी ढांचे जैसे किसी क्रोनी कैपिटलिस्ट क्षेत्र में नहीं है। एक खुदरा कंपनी, जिसे कोई सरकारी सब्सिडी या अन्य सहायता नहीं मिलती, तभी आगे बढ़ सकती है जब उसके उत्पादों को जनता की ओर से स्वीकार किया जाए। यह कंपनी तब स्थापित हुई थी जब नायडू केवल एक विधायक थे। हेरिटेज ने 1993 में अपना ऑपरेशन शुरू किया और अगले वर्ष आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाया। यह 54 गुना अधिक सब्सक्राइब्ड हुआ और इसके शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हुए। आईपीओ से 6.50 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई। अपने ऑपरेशन के पहले वर्ष के दौरान हेरिटेज फूड्स ने 1.60 करोड़ रुपये के निवेश से चित्तूर में अपनी पहली दूध शीतलन यूनिट स्थापित की। उन्होंने बताया कि इसने प्रतिदिन 19,000 लीटर दूध का प्रसंस्करण किया और अपने परिचालन के पहले वर्ष में 4.36 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जबकि इसका लाभ 19 लाख रुपये था। कंपनी के स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने के काफी समय बाद वह राज्य के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि 1990 के दशक की शुरूआत में संयुक्त आंध्र प्रदेश में नायडू का गृह जिला चित्तूर राज्य का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक जिला था।

# शाहपुर में जैन समाज के आध्यात्मिक शिविर का आयोजन



**शाहपुर, 24 अगस्त (बु.)।** जैन धर्म के अनुसार भाद्रपद माह में पर्यूषण महापर्व को अति पवित्र माना जाता है। इस दौरान जैन धर्मावलंबियों द्वारा व्रत, उपवास, संयम, साधना, स्वाध्याय, दान व धार्मिक आयोजन होते हैं। इसी उपलक्ष्य में कस्बे के जैन मौहल्ला स्थित जैन स्थानक में पर्यूषण पर्व के अंतर्गत आध्यात्मिक शिविर का आयोजन चल रहा है। आठ दिवसीय शिविर का आयोजन बीते बुधवार से प्रारम्भ हो चुका है, जिसमें समाज से जुड़े स्वाध्यायी द्वारा जैन ग्रंथ अनंतगड़ सूत्र का अध्ययन किया जा रहा, जिसमें पर्यूषण पर्व के साथ-साथ धर्म से जुड़ी जानकारी का भी अध्ययन किया जा रहा है। स्वाध्याय नितिन जैन द्वारा बताया गया कि जैन धर्म के श्वेतांबर परम्परा के अनुसार पर्यूषण पर्व आठ दिन के होते हैं, जिसमें पर्व के आखरी दिन को संवत्सरी पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व जैनों के सबसे बड़ा पर्व के रूप में माना जाता है। इस दिन समाज से जुड़े अनुयायी अधिक से अधिक त्याग तपस्या, दान, धर्म आराधना करते हैं। साथ ही स्वाध्याय संजीव जैन ने कहा कि हम इस पर्व में जाने अनजाने में हुई भूल के लिए मन, वचन, काया से क्षमा मांगते है। यह पर्व हमें ईर्ष्या, क्रोध आदि बुराइयों को त्यागने का विशेष संदेश देता है। पर्यूषण पर्व आध्यात्मिक जागरण एवं मैत्री का संदेश लेकर आता है। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश जैन, अमित जैन, राजेंद्र जैन, पंकज जैन, नितिन जैन, अमन जैन, संयम जैन, अक्षय जैन, शुभम, पारस, हर्षित, सात्विक, अनंत आदि सैकड़ों पुरुष व महिला बच्चे मौजूद रहे।

# शाहपुर में विशाल शिविर में 370 मरीजों की आंखों की जांच

**- मोतियाबिंद के 130 मरीज ऑपरेशन हेतु चयनित - शाहपुर में अब तक 52 कैंप में 6500 लोगों को दी जा चुकी है रोशनी**



**शाहपुर, 24 अगस्त (बु.)।** नगर में वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के चिकित्सकों द्वारा गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर में 370 मरीजों के पंजीकरण एवं आंखों की जांच करने के साथ 130 मोतियाबिंद के रोगियों को आंखों के ऑपरेशन करने के लिए चिन्हित किया गया। इन चयनित रोगियों को गाजियाबाद ले जाकर लेंस विधि द्वारा उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। आगंतुक अतिथियों ने शिविर आयोजकों को साधुवाद देते हुए कहा कि नर सेवा नारायण की सेवा के समान है। आयोजनकर्ता इस पुनीत कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं। आयोजक श्याम पाल संगल भाई जी एवं अरुण मित्तल ने कहा कि पिछले कई वर्षो से निरंतर यह कैम्प लगाया जा रहा है। आज 52वां शिविर है। अब तक 6500 लोगों की आंखों का ऑपरेशन किया जा चुका है। शाहपुर की सबसे प्राचीन शिक्षण संस्था श्रीराम गोपाल अग्रवाल सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर में गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। वरदान सेवा संस्थान से जुड़े अरविंद सिंघल ने फीता काटकर कैम्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित भी किया गया। इस अवसर पर कैंप व्यवस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामपाल संगल भाई जी, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल, एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर कार्यवाह मणिकांत मित्तल, प्रमुख समाज सेवी अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे। सुबह 8:00 बजे प्रारंभ हुए शिविर में निर्धारित समय दोपहर 12:30 बजे तक कस्बे व आसपास गांवों के 370 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराते हुए आंखों की जांच कराई, जिसमें 130 मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा अन्य मरीजो को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। कैम्प व्यवस्थापक श्याम पाल भाई जी, अरुण मित्तल ने बुलेटिन को बताया कि मोतियाबिंद के मरीजों का गाजियाबाद ले जाकर वरदान सेवा संस्थान में लैंस विधि द्वारा निःशुल्क आपरेशन किया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. उपाध्याय एवं वरदान सेवा संस्थान गाजियाबाद के प्रमुख पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि लोगों को अपनी आंखों की विशेष देखभाल करनी चाहिए। थोड़ी भी परेशानी होने पर चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। इस दौरान डॉ. के.के. उपाध्याय, डॉ. मणी प्रकाश त्यागी, डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. एस.के. सिंघल ने मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर को सफल बनाने में श्याम पाल संगल भाई जी, अरुण मित्तल, मणिकांत मित्तल, अशोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर सर्व व्यवस्था प्रमुख विनोद दीक्षित, प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, भाजपा नेता अरविंद त्यागी,सचिन संगल, अमन मित्तल, दिनेश पाल नंदा, रामनिवास, विकास कुमार, दुष्यंत त्यागी, रविंद्र सैनी, सुभाष बालियान दुलहरा आदि का योगदान रहा।

# तीन बैग में भरे थे नोट, मशीन मंगाकर गिनने पड़े रुपये, दवा कारोबारी रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार

**आगरा, 24 अगस्त (एजेंसी)।** आगरा में एसटीएफ ने अवैध दवा सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दवा कारोबारी हिमांशु अग्रवाल को गिरफ्तार किया। कारोबारी ने एसटीएफ इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा को एक करोड़ रुपये की रिश्वत देने का प्रयास किया था। जानकारी के अनुसार, कैंट रेलवे स्टेशन पर नकली दवा पकड़े जाने के बाद एसटीएफ और औषधि विभाग की टीमें छापेमारी कर रही थीं। इसी बीच हिमांशु अग्रवाल ने रिश्वत का प्रस्ताव दिया। इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा ने तुरंत इसकी जानकारी एडिशनल एसपी राकेश यादव को दी। इसके बाद एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश तक सूचना पहुंची और ऑपरेशन ट्रैप की तैयारी शुरू कर दी गई। दोपहर 12 बजे से टीम सक्रिय हो गई। चार घंटे में हिमांशु अग्रवाल ने एक करोड़ रुपये जुटाए और तीन बैग में भरकर कोतवाली क्षेत्र पहुंचा। बैग खोलने पर पुलिस के होश उड़ गए, क्योंकि उनमें पांच-पांच सौ के नोट भरे थे। रकम इतनी ज्यादा थी कि गिनने के लिए मशीनें बुलानी पड़ीं। एसटीएफ की इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल अंकित गुप्ता, प्रशांत चौहान, अमित सिंह, दिनेश गौतम और कांस्टेबल हरपाल शामिल रहे। इस दौरान बस्ती के सहायक आयुक्त औषधि भी मौके पर मौजूद थे। कारोबारी ने कई बार इंस्पेक्टर को फोन और व्हाट्सएप मैसेज कर रिश्वत देने की कोशिश की, लेकिन इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा ने चालाकी से बातचीत कर उसे जाल में फंसा लिया। प्रदेश में यह अब तक की सबसे बड़ी रिश्वत बरामदगी मानी जा रही है।








# बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परिणाम घोषित हुआ

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बुस.)।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का परिणाम घोषित किया गया। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (ए.के.टी.यू.), लखनऊ द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है, बल्कि छात्रों, उनके परिवारों और पूरे कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास का माहौल बना दिया है। वंशिका अरोरा ने 84.53 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वंशराज चौहान ने 84.13 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, हर्ष कुमार ने 83.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इन छात्रों की इस उपलब्धि ने कॉलेज के शैक्षणिक स्तर और समर्पण को एक बार फिर सिद्ध किया है। छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली को दिया। इस उपलब्धि पर श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने हार्दिक बधाई दी। इस शानदार उपलब्धि पर कॉलेज के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, जिनमें डॉ. संदीप कुमार, डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, डॉ.रामदत्त शर्मा, साबिया परवीन, टिंकू कुमार, लोकेश कुमार, ज्योति जैन, अवि दुबे, आरती चोपड़ा, मुस्सयब खान, तरन्नुम फातिमा, शिवम त्यागी, आर्यावृत, उज्जवल, शैली, शीखा राठी, शुभम, सलमान, शशीभूषण, भूदेव, रामसिंह, सुशील, विकास कुमार, अरशद, संजय कुमार, आदि शामिल रहे।

# पीआर पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ अलंकरण समारोह




**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित पीआर पब्लिक स्कूल में संपन्न अलंकरण समारोह में सुयोग्य विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां और शक्तियां प्रदान किए जाने की बड़ी महत्ता है। वहीं विद्यालय अपने इतिहास व घटनाओं में एक नए अध्याय का स्वागत करता है। इसके अंतर्गत विद्यालय के 4 हाउस लिली, लोटस, रोज एवं ट्यूलिप हाउस के हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, ग्रीनरी कैप्टन ,लिटरेरी कैप्टन का चुनाव करते हुए सभी चयनित विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों के निर्वाहन की शपथ लेते हुए अपने कार्यों को सत्यनिष्ठा से पूर्ण करने का संकल्प लिया। शॉर्ट लिस्टेड किए छात्रों को अनुशासन, नेतृत्व व जिम्मेदारी की भावना के आधार पर अंक दिए गए। विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं में रोज हाउस से कैप्टन विवेक बिंदल, वाइस कैप्टन रितिका, लोटस हाउस से कैप्टन अनस और वाइस कैप्टन अनुभव सिंघल, लिली हाउस से कैप्टन अंशिका शर्मा और वाइस कैप्टन मन्नत हसीजा, ट्यूलिप हाउस से कैप्टन दीक्षा चौधरी, वाइस कैप्टन नमन सिंघल, ग्रीनरी कैप्टन विधि कलसन, वाइस कैप्टन कनिका शर्मा, स्पोर्ट्स कैप्टन आशु, वाइस कैप्टन ओम प्रताप, लिटरेरी कैप्टन आकृति बंसल चयनित हुए। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में तेजेंद्र नारंग तथा हेड गर्ल के रूप में वैष्णवी चौधरी चुने गए। सभी चयनित विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल व प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने सैशे पहनाकर उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि आप सब भी अपने आपको सक्षम और सुयोग्य बनाने का प्रयास करें, ताकि भविष्य में आप को भी इन जिम्मेदारियों को निभाने के लिए चयनित किया जा सके। प्रबंधक अशोक सिंघल ने कहा कि नेता वही होता है जो रास्ता जानता है। रास्ते पर चलता है और रास्ता दिखाता है। हम सभी आप चयनित विद्यार्थियों से यह उम्मीद रखते हैं कि आप अपने इस नेतृत्व को पूर्ण रूप से ईमानदारी के साथ निभाएंगे। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार ,दिव्या शर्मा, शंकर शर्मा, अनुपम सैनी, शिखा ठाकुर, बीना वत्स, निशु चौधरी विशांक त्यागी ,प्रज्ञा सिंधी, प्रियांशी ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

# जितने में खरीद लेंगे दो थार, उससे ज्यादा में बिका फैंसी नंबर 0001, कीमत जानकर उड़े सबके होश

**चंडीगढ़, 24 अगस्त (एजेंसी)।** चंडीगढ़ में फैंसी नंबरों की बढ़ती मांग ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। हाल ही में आयोजित ई-नीलामी में 0001 नंबर 36 लाख 42 हजार रुपये में बिका। खास बात यह है कि इस कीमत में दो थार गाडियां खरीदी जा सकती थीं। प्रशासन ने विभिन्न नंबरों की बोली के दौरान 4.08 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। इस नीलामी में कुल 577 पंजीकरण नंबरों की बिक्री हुई, जिनमें से सात नंबरों की कीमत एक करोड़ 28 लाख रुपये से अधिक रही। 19 से 22 अगस्त के बीच आयोजित इस नीलामी में सबसे महंगा नंबर 0001 बिका, जिसकी बोली 36 लाख 42 हजार रुपये तक पहुंच गई। यह अब तक का सबसे महंगा नंबर है। इसके बाद 0003 नंबर 17 लाख 84 हजार रुपये में नीलाम हुआ, जबकि 0002 नंबर की कीमत 13 लाख 80 हजार रुपये रही। इससे पहले, मई में हुई नीलामी में 0001 नंबर 31 लाख रुपये में बिका था। 36 लाख रुपये की राशि से दो थार या एक फार्च्यूनर खरीदी जा सकती है। यदि इसे बैंक में एफडी करवा दिया जाए, तो हर माह 25 हजार रुपये का ब्याज भी मिल सकता है। खरड़ या डेराबस्सी में इस राशि से एक वन बीएचके भी खरीदा जा सकता है। आगामी फेस्टिवल सीजन के मद्देनजर, वाहनों का पंजीकरण बढ़ने की संभावना है। इस बार भी शहरवासियों ने फैंसी नंबरों के लिए दिल खोलकर बोली लगाई है। यह पहली बार नहीं है जब चंडीगढ़ के निवासियों ने फैंसी नंबरों के लिए लाखों रुपये खर्च किए हैं। इस नीलामी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि चंडीगढ़ के लोग अपने वाहनों के लिए फैंसी नंबरों को लेकर कितने गंभीर हैं। यह प्रशासन के लिए भी एक महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत बन गया है।




# एसबीआई के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी आर कॉम-अनिल अंबानी को घोषित किया फ्रॉड

**मुंबई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय स्टेट बैंक के बाद, बैंक ऑफ इंडिया ने भी दिवालिया हो चुकी रिलायंस कम्युनिकेशंस के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है और इस मामले में कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी लिया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 2016 में कथित तौर पर फंड के हेरफेर का हवाला दिया है। सरकारी बैंक बीओआई ने अगस्त 2016 में रिलायंस कम्युनिकेशंस को उसके चालू पूंजीगत व्यय और ऑपरेशनल एक्सपेंडिचर और मौजूदा देनदारियों के भुगतान के लिए 700 करोड़ रुपये का लोन दिया था। रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बैंक के लेटर के बारे में बताया है। इसके अनुसार अक्टूबर 2016 में जारी की गई स्वीकार की गयी राशि का आधा हिस्सा एक एफडी में निवेश किया गया था, जिसकी लोन की शर्तों के अनुसार अनुमति नहीं थी। आरकॉम ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से आठ अगस्त का एक पत्र मिला है, जिसमें बैंक द्वारा "कंपनी, अनिल धीरूभाई और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के लोन खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने" के फैसले की जानकारी दी गई है। इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक ने भी इस साल जून में ऐसा ही किया था, जिसमें लोन की शर्तों का उल्लंघन करते हुए लेनदेन कर-के बैंक के फंड के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था। एसबीआई की शिकायत के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी के आवास से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। सीबीआई ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ने रिलायंस कम्युनिकेशंस और अंबानी, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के छोटे भाई हैं, द्वारा कथित हेराफेरी के चलते 2,929.05 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने शिकायत दर्ज की। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने एक बयान में "सभी आरोपों और अभियोगों का पुरजोर खंडन किया" और कहा कि वह "अपना बचाव करेंगे।" प्रवक्ता ने कहा, "एसबीआई द्वारा दर्ज की गई शिकायत 10 साल से भी ज्यादा पुराने मामलों से संबंधित है। उस समय अंबानी कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक थे और कंपनी के दैनिक प्रबंधन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।"




# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 128 रोगियों को मिला उपचार

मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बुस.)। एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर का शुभारंभ एम.जी. चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल ने किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग द्वारा अतिथियों, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों और उपचार परामर्श पाने के लिए आये नेत्र रोगियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि रविवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी जनपद मुजफ्फरनगर के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में आँखों के निःशुल्क विराट चिकित्सा कैंप में वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी की विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. स्वाति अग्रवाल (एमबीबीएस, एमएस) के द्वारा रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको उचित उपचार परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में 128 रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. स्वाति अग्रवाल द्वारा उचित परामर्श प्रदान करते हुए स्वास्थ्य लाभ दिया गया और 20 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में माह के प्रत्येक चौथे रविवार को शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें सेवा और सुविधा को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास हम कर रहे रहे हैं। यहां मोतियाबिंद के लिए चयनित रोगियों का ऑपरेशन भी निःशुल्क किया जायेगा। विद्यालय में आगामी नेत्र चिकित्सा शिविर 28 सितम्बर, 2025 को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से एम.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सचिव पवन कुमार गोयल, इंजी. अशोक अग्रवाल, अनिल वर्मा मौजूद रहे। शिविर आयोजन में नेत्र सर्जन डॉ. स्वाति अग्रवाल के साथ उनके सहयोगी के रूप में मोहिनी प्रजापति, पूजा, परवेज आलम, आकाश कुमार, सुरेन्द्र माहेश्वरी और डॉ. अजहर हुसैन सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।






संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. एंड टेक्नोलॉजी में एलुमनाई टॉक एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आज एक प्रेरणादायी एलुमनाई एवं करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की विशेष अतिथि कॉलेज की पूर्व छात्रा मानसी सिंघल, सीनियर आईटी इंजीनियर, इ.वाई. ग्लोबल डिलीवरी सर्विस, गुड़गांव रही। मानसी सिंघल ने विद्यार्थियों को अपने कॉलेज जीवन से लेकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए केवल इच्छा पर्याप्त नहीं, बल्कि उस दिशा में सतत् प्रयास, धैर्य और अनुशासन भी जरूरी है। मैंने अपने जीवन में सीखा है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नया अवसर है। हर चुनौती को अवसर के रूप में देखिए, कठिनाइयों से घबराइए नहीं बल्कि उनका डटकर सामना कीजिए। समय का सम्मान कीजिए, क्योंकि समय ही सफलता का सबसे बड़ा निवेश है। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करेंगे और खुद पर विश्वास रखेंगे, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही योजना, निरंतर अभ्यास, और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। सचिव अनुभव कुमार ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा कि हमारी पूर्व छात्रा मानसी सिंघल ने न केवल अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है, बल्कि हमारे संस्थान के गौरव को भी बढ़ाया है। आज का उनका सत्र हमारे छात्रों के लिए एक नई प्रेरणा और दिशा लेकर आया है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा आज आपने एक जीवंत उदाहरण देखा कि कैसे एक साधारण छात्रा कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय से ऊँचाइयों तक पहुँच सकती है। आप सभी में वही क्षमता और प्रतिभा है, बस जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा में मेहनत करने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे।





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत की भूमिका

वैश्विक राजनीति में इस समय रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिकी टैरिफ का चर्चा ज्यादा है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की भारत यात्रा की बात कही है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भी भारत दौरे की तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में भारत एक साथ दो शत्रु देशों की मेजबानी करने जा रहा है। भारत में यूक्रेन के राजदूत अलेक्जेंडर पोलिशचुक ने कहा कि रूस के साथ भारत के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को देखते हुए यूक्रेन भारत को संभावित शांति वार्ताओं में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में देखता है। पोलिशचुक ने यूक्रेन के राष्ट्रीय ध्वज दिवस के अवसर पर बोलते हुए कहा कि 2023 से यूक्रेन और भारत के बीच बातचीत में वृद्धि हुई है, जिसका उन्होंने स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के इस बयान की भी सराहना की कि भारत युद्ध में तटस्थ नहीं है, बल्कि दृढ़ता से शांति, कूटनीति और राजनीतिक संवाद का समर्थन करता है। हम यूक्रेन में शांति-निर्माण प्रक्रिया में भारत की अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं। राजदूत ने कहा मेरा मानना है कि हमारी सभी बैठकें इस बात पर चर्चा का हिस्सा होंगी कि भारत सीधे या परोक्ष रूप से रूस के साथ राजनीतिक बातचीत में कैसे शामिल हो सकता है। विशेष रूप से रूस और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को ध्यान में रखते हुए हमें इसकी उम्मीद है। यूक्रेनी राजदूत ने 'द वीक' में एक लेख में भारत-यूक्रेन संबंधों के बारे में लिखा, यूक्रेन के तीन राष्ट्रपतियों ने भारत का आधिकारिक दौरा किया, जबकि भारत के दो राष्ट्रपतियों ने यूक्रेन का दौरा किया। 2021 तक यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले द्विपक्षीय व्यापार लगभग 3.4 अरब तक पहुंच गया था। पोलिशचुक ने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासभा में विभिन्न सम्मेलनों के दौरान कई बार मिले हैं। मुझे पता है कि हम दोनों नेताओं के बीच इस बातचीत को जारी रखने की योजना बना रहे हैं। हम बहुत आभारी हैं कि रूसी आक्रमण के पहले दिन ही से भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शा दी थी। हाल ही में प्रधानमन्त्री ने खुलकर कहा था कि भारत तटस्थ नहीं है। भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से अपने सभी सहयोगियों और रूसी संघ के साथ शांति, संवाद, चर्चा और राजनीतिक बातचीत का समर्थन करता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को ट्रम्प से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अब तक वहां से उन्हें निराशा ही मिली है। ट्रम्प ने युद्ध रुकवाने के बड़े-बड़े दावे तो किए थे, मगर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अब यूक्रेन की नजरें भारत पर टिकी हैं। राजदूत पोलिशचुक ने साफ कहा कि भारत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि रूस से उसके रिश्ते मजबूत हैं और वही शांति वार्ता में वास्तविक दबाव बना सकता है। जेलेंस्की की भारत यात्रा से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भी दौरा तय है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मॉस्को में पुष्टि की थी कि पुतिन 2025 के अंत में भारत आएंगे। पहले यह यात्रा अगस्त में तय थी, लेकिन अब साल के आखिर में होगी। ऐसे में भारत एक ही साल में दोनों दुश्मन देशों की मेजबानी करेगा, जो उसकी कूटनीतिक ताकत और संतुलन को दिखाता है। जेलेंस्की की यात्रा केवल द्विपक्षीय रिश्तों का मामला नहीं है, बल्कि इसका असर वैश्विक राजनीति पर भी पड़ेगा। भारत की स्थिति तटस्थ होते हुए भी निर्णायक मानी जाती है। अगर मोदी रूस और यूक्रेन को किसी साझा मंच पर लाने में सफल होते हैं, तो यह न सिर्फ युद्ध की दिशा बदल देगा बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी नयी ऊंचाई देगा। यही वजह है कि दुनिया की निगाहें इस यात्रा पर टिकी हैं। इसी बीच रूस ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने कुर्स्क स्थित परमाणु संयंत्र पर ड्रोन हमला किया, जिससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ और आग लगी, हालांकि विकिरण सामान्य रहा। रूस-यूक्रेन के बीच ड्रोन हमले तेज हुए हैं। रूसी अधिकारियों के अनुसार, रातभर कई ऊर्जा और बिजली ठिकाने ड्रोन हमलों का शिकार बने। कुर्स्क स्थित संयंत्र में आग लग गई थी, लेकिन समय रहते काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने रविवार रात तक 95 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। वहीं रूस की ओर से भी यूक्रेन पर 72 ड्रोन और एक क्रूज मिसाइल दागे गए, जिनमें से 48 को यूक्रेनी वायु सेना ने नष्ट कर दिया। इस बीच रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित उस्त-लूगा बंदरगाह पर भी आग लग गई। यहां के ईंधन निर्यात केंद्र पर यूक्रेनी ड्रोन का मलबा गिरने से आग भड़की। रूस यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयासों में इस तरह के हमले बाधा बन सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति अभी कन्फ्यूज हैं। दूसरी तरफ कई देश उनके व्यवहार पर जवाब देने की तैयारी कर रहे हैं। उधर राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सर्जियो गोर की भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में नियुक्ति पर सियासी गलियारों में काफी चर्चाएं चल रही हैं। सर्जियो गोर की नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव बना हुआ है। नये अमेरिकी राजदूत का काम चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि भारत और अमेरिका के संबंध बेहद खराब दौर से गुजर रहे हैं। फिलहाल गोर वॉशिंगटन में काम करते रहेंगे। सीनेट की मंजूरी मिलने के बाद ही उन्हें राजदूत की जिम्मेदारी मिल पाएगी। ट्रम्प ने कहा है कि गोर अभी तक अपने वर्तमान पद व्हाइट हाउस प्रेसिडेंशियल पर्सनल ऑफिस डायरेक्टर में ही बने रहेंगे, जब तक उन्हें इस नए दूतावासीय पद के लिए मंजूरी नहीं मिल जाती। गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है, जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निबाही थी, वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं, उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति के कट्टर समर्थक हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'बच्चे' 'गाफिल' 'पीएम' 'सीएम'

आजकल बच्चे सड़क पर खेल में मशगूल हैं,
या उन्हें गाफिल कहो तुम या उन्हें हमदम कहो।
बीच में दोनों के फिर इस खेल में ये तय हुआ,
मैं तुम्हें पीएम कहूंगा,तुम मुझे सीएम कहो।

# मंत्री, विधायक व चेयरपर्सन ने किया स्मारक का शिलान्यास

## अहिल्याबाई जी द्वारा किए कार्य समाज में करते हैं प्रकाशपुंज की तरह मार्गदर्शनः कपिल देव

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** नगर विधायक व सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के रुड़की रोड अस्पताल चौराहे पर पुण्य श्लोक माता अहिल्याबाई जी की भव्य मूर्ति व चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ रविवार को विधायक मिथलेश पाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजन कर किया गया। कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के हर वर्ग के सम्मान व उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई ने अपने जीवन में सेवा, न्याय और समाज सुधार का जो आदर्श प्रस्तुत किया वह हम सबके लिए प्रेरणा है। चौक के सौंदर्यकरण से न केवल क्षेत्र का गौरव बढ़ेगा बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी उनके त्याग व बलिदान को सदैव स्मरण करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का संकल्प है सांस्कृतिक विरासत का सम्मान और विकास की नई पहचान। उन्होंने कहा कि माता अहिल्याबाई जी भारतीय संस्कृति की आदर्श महिला थीं, जिनके द्वारा किए कार्य आज भी समाज में प्रकाशपुंज की तरह मार्गदर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश की प्रत्येक नगरी धार्मिक, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों से जुड़कर विकास की राह पर आगे बढ़े।

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** नगर के व्यस्ततम चौराहों में शामिल अस्पताल चौराहा अब नई पहचान लेने जा रहा है। नारी शक्ति की प्रतीक अहिल्याबाई होल्कर के सनातन संस्कृति की रक्षा के प्रति संघर्ष और योगदान को पालिका प्रशासन ने नमन कर उनके नाम को विकास से जोड़ने का काम करते हुए पाल समाज की वर्षों पुरानी मांग को सार्थक बनाने की पहल की है। रविवार को भव्य समारोह के बीच नगर विधायक व सरकार में मंत्री कपिल देव, विधायक मिथलेश पाल व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने संयुक्त रूप से इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। करीब सवा करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इस कार्य से न केवल इस चौराहे का अब सौंदर्यकरण होगा, अपितु चौराहे की अहिल्याबाई स्मारक के रूप में सांस्कृतिक धरोहर भी मिलेगी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने शनिवार को जिला अस्पताल चौक पर होल्कर चौराहे पर करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्मारक एवं सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति अध्यक्ष राजवीर पाल ने नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप और मंत्री कपिल देव अग्रवाल का आभार जताते हुए कहा कि यह कार्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा बल्कि अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान विभूति के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस दौरान मुख्य रूप से राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व मीरांपुर की विधायक मिथलेश पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, संजय गर्ग, पूर्व सभासद बिजेन्द्र पाल, डॉ. देशबंधु तोमर, सभासद कुसुमलता पाल, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, हनी पाल, रविकांत शर्मा, योगेश मित्तल, कपिल पाल, नंदकिशोर पाल के अलावा मातेश्वरी देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति के अध्यक्ष राजबीर पाल, कोषाध्यक्ष दर्शनसिंह पाल, नमीष चंदेल, राम निवास पाल, पवन पाल, विनय पाल प्रमुख, उमेश पाल, तरूण पाल, अरविंद धनगर, जगदीश पांचाल, अमित पाल, कुलवीर पाल, ओमप्रकाश, रवि धनगर, संदीप पाल, राजू पाल, सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।






## देवी अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति का जीवंत प्रतीक थीः मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अहिल्याबाई होल्कर स्मारक के भूमि पूजन को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए जानकारी दी कि इस स्मारक स्थल पर अहिल्याबाई होल्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित होगी, वहीं चौराहे का सौंदर्यकरण, सुन्दर पार्क और साइड पटरी का निर्माण कराया जाएगा। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति का जीवंत प्रतीक थीं, जिन्होंने जीवन संघर्षों के बावजूद सनातन संस्कृति और भारतीय परंपरा की रक्षा की। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देशभर के कई प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। आज उनकी प्रेरणा से नगर पालिका यह भव्य स्मारक बना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास नीति और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कानून व्यवस्था के विश्वास भरे मॉडल के डबल इंजन पर चल रही है। विकास व विश्वास की इसी कल्याणकारी नीति को हम आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि शहर की पहचान को नई दिशा मिले और आने वाली पीढ़ियां अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान नारी शक्ति के योगदान को याद रखे, उनके आदर्श अपनाकर ही समाज, देश और धर्म की रक्षा के लिए समर्पित रहें।

# शहीद भगत सिंह एकता मंच की 23वीं जल सेवा का समापन

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** शहीद भगत सिंह एकता मंच द्वारा बीते चार माह से चल रही 23वीं जल सेवा का रविवार को सम्मान समारोह के साथ में विधिवत विश्राम कर दिया गया। इस दौरान यहां आयोजित सम्मान समारोह में सेवा करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर संस्थापक अनमोल छाबडा ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए जल सेवा में जिन कार्यकर्ताओं ने बीते 4 माह तक प्रातः 7 बजे से सायं 8 बजे तक रात्रि सेवा की उन सबका धन्यवाद भी किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी देवराज पंवार, स्टेशन अधीक्षक पवन चौधरी, जीआरपी इंसेक्टर विनीत गौतम, थानाध्यक्ष कमल किशोर, प्रवीन कुमार आदि ने विशेष रूप से दीपक सफाईकर्मी, जिसने पूरे भारतवर्ष में 36वां स्थान प्राप्त किया, उनका मंच पर स्वागत किया गया। कार्यकम में मुख्य रूप से अनमोल छाबडा, महात्मा सर्वानन्द जी, सतीश मलिक, श्याम मल्होत्रा, पवन मित्तल, जगदीश लाल नारंग, सुन्दर लाल नारंग, सतनाम छाबडा, इकनाल सिंह, राजकुमार साहनी, श्री दलीप जी, श्री ओमप्रकाश, राजेंद्र भगत, सुनील कुमार एड, सरदार इकबाल सिंह, सरदार सेवा सिंह, विजय पाहूजा, प्रमोद प्रजापति, पुष्पेन्द्र तोमर, वासुदेव चावला, स. सुखदेव सिंह, प्रणव सिंघल, स. इन्दर पाल सिंह चावला, भगत सिंह, प्रमोद शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल, सोनू वर्मा, मनीष सिंह, निदेश पाहूजा, स. मलकीत सिंह, कृष्ण मल्होत्रा, सचिन छाबडा आदि उपस्थित रहे।




## विनीत कात्यायन ने पालकी यात्रा का किया उद्घाटन

**बुढ़ाना, 24 अगस्त (बु.)।** भाजपा जिला महामंत्री विनीत कात्यायन और भाजपा ज़िला उपाध्यक्ष नितिन मलिक ने भव्य ठाकुर जी की पालकी यात्रा का उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और मंदिर में आरती व दीप प्रज्ज्वलित भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक संगीत गर्ग ने करके यात्रा का शुभारंभ किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बांके बिहारी युवा मंच द्वारा यात्रा निकाली गयी। कस्बे में श्री भव्य ठाकुर जी की पालकी यात्रा नदी वाला मंदिर से प्रारंभ होकर छोटा बाजार, बड़ा बाजार, पीठ बाजार से होते हुए मेन रोड और उसके बाद नदी वाला मंदिर पर जाकर देर रात समाप्त हुई। सुंदर सुंदर झांकी तथा बैंड बाजों के साथ पालकी यात्रा कस्बे के बड़ा बाजार से होकर गुजरी। बाजार में महिला श्रद्धालुओं ने पालकी में विराजमान ठाकुर जी पर फूलों की वर्षा की। पालकी यात्रा महोत्सव में युवाओं की टोली ने खूब अबीर गुलाल उड़ाया। युवाओं ने रंगीन पानी को पिचकारी से एक दूसरे पर डाला। बांके बिहारी युवा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को आज नदी वाला मंदिर में विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। यहां राजेश संगल, युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन कश्यप, शाहिद असलम, हिमांशु संगल, आयुष गर्ग, केशव गर्ग, मनीष मित्तल, अर्जुन गर्ग, सचिन कात्यायन, आकाश जैन, अचल आदि और बांके बिहारी युवा मंच की टीम उपस्थिति रही।



## कच्छ के कोरी क्रीक से 15 पाकिस्तानी घुसपैठिए गिरफ्तार, बीएसएफ ने बढ़ाई सुरक्षा

**अहमदाबाद, 24 अगस्त (एजेंसी)।** कच्छ जिले में सीमा सुरक्षा बल ने कोरी क्रीक इलाके में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 पाकिस्तानी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया। बीएसएफ की गश्ती टीम को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद जवानों ने पाकिस्तानी नाव को रोकने का प्रयास किया। नाव पर मौजूद कुछ लोग बीएसएफ को देखते ही भाग गए, लेकिन 15 घुसपैठियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए घुसपैठियों से पूछताछ की जा रही है और उनके पास से मिले सामान की जांच भी की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये लोग अवैध रूप से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उनके पास से खाने-पीने की चीजें, मोबाइल फोन और अन्य आवश्यक सामग्री मिली है। कोरी क्रीक क्षेत्र भारत-पाकिस्तान सीमा का संवेदनशील इलाका माना जाता है। यहां समुद्री रास्तों से घुसपैठ की संभावना हमेशा बनी रहती है। बीएसएफ ने इस घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। जवान आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की दूसरी घुसपैठ की कोशिश न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए घुसपैठियों की पहचान की जा रही है और उनके इरादों का पता लगाया जा रहा है। सुरक्षा बल यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सीमा पर किसी भी तरह की सुरक्षा चूक न हो और स्थानीय लोगों की सुरक्षा बनी रहे। इस घटना से यह स्पष्ट हुआ कि सीमा सुरक्षा के लिहाज से क्रीक इलाके में सतर्कता बेहद जरूरी है। बीएसएफ की तत्परता और समय पर कार्रवाई ने बड़ी घुसपैठ की योजना को नाकाम कर दिया। अधिकारी इस बात पर जोर दे रहे हैं कि सीमा पर लगातार निगरानी और गश्त जारी रहेगी ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन ने भी कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। सीमा सुरक्षा बल का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से लगातार घुसपैठ की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन भारतीय जवान हर बार सतर्कता और तेजी से कार्रवाई कर इन्हें नाकाम कर देते हैं। बीएसएफ ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन को भी अलर्ट कर दिया गया है और खुफिया एजेंसियां पकड़े गए घुसपैठियों से पूछताछ कर रही हैं।



## यूपी पुलिस ने पकड़ा मेरठ का स्पाइडरमैन, 15 अगस्त को घंटाघर पर चढ़कर बनाई थी रील

**मेरठ, 24 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के मेरठ में स्पाइडर मैन ने रील बनाई और रील के लिए घंटाघर पर चढ़ गया। ये सब उसने 15 अगस्त को किया। इससे सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए। शनिवार को मेरठ में स्पाइडर मैन की ड्रेस पहन घंटाघर पर रील बनाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से स्पाइडर मैन ड्रेस बरामद की है। आरोपी अबरारनगर निवासी फराज है। पूछताछ में फराज ने बताया 15 अगस्त को उसने यह रील बनाई थी। रील को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। यूपी के मेरठ शहर के बीच घंटाघर पर स्टंट किए जाने का वीडियो वायरल हो गया था। घंटाघर पर स्टंट कर रील बनाई जा रही थी, उसे वायरल कर दिया गया। सामाजिक कार्यकर्ता लोकेश खुराना ने रील के वायरल होने के बाद कार्रवाई की मांग की गई। उनका कहना है कि घंटाघर संरक्षित स्मारक, राष्ट्रीय धरोहर है। ऐसी जगह पर इस तरह की स्टंटबाजी करने और रील बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। स्पाइडर मैन की तरह कोई व्यक्ति संरक्षित और ऐतिहासिक स्थलों पर इस तरह का रील बना रहा है, जो उचित नहीं है। वायरल रील को लेकर पुलिस बेहद सख्त है। पुलिस का कहना है कि रील बनाने वाले कई बार अपनी जान और अपनी रील के चक्कर में अन्य लोगों की जान को खतरे में डाल देते हैं। ऐसे में पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। पुलिस का कहना है कि मेरठ में भी रील बनाने वाले को पकड़ लिया है और उसपर कार्रवाई की जाएगी।











## स्वास्थ्य मेले में किया 102 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जानसठ, 24 अगस्त (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अर्जुन सिंह की देखरेख में क्षेत्र के गांव सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 102 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ ने महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी तथा सामग्री वितरित की। एएनएम ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए। 39 मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। इस दौरान डॉ. नदीम, डॉ. सुषमा शर्मा, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

# चेयरपर्सन आवास पर भाजपा कूकड़ा मंडल का अभिनन्दन

### - गौरव स्वरूप ने कार्यकर्ताओं को बताया संगठन की रीढ़ - मीनाक्षी स्वरूप ने शहर के समग्र विकास का किया आह्वान

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** नगरपालिका परिषद की चेयरपर्सन के पटेलनगर नई मंडी स्थित आवास पर रविवार शाम भाजपा कूकड़ा मंडल टीम का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप और मीनाक्षी स्वरूप ने मंडल प्रभारी, अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि पार्टी का आगामी मिशन-2027, कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण से ही ऐतिहासिक सफलता हासिल करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर सरकारों की उपलब्धि व योजना को जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं से अपनी भूमिका निभाने मार्गदर्शन के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि भाजपा संगठन और नगरपालिका परिषद, दोनों स्तरों पर मिल सभी दायित्वों को आपसी समन्वय के साथ निभाना ही पार्टी की असली शक्ति है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर बल दिया। इस दौरान नगर के विकास, स्वच्छता, सुन्दरता और बुनियादी सुविधाओं के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही नवविस्तारित क्षेत्र के विकास, जरुरतों व समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं ने अपनी बातें पेश की। इस दौरान कूकड़ा मंडल टीम ने भी पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे सम्मान कार्यों के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की प्रशंसा की और संगठन स्तर पर होने वाले आगामी कार्यक्रमों की सफलता में एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, विकल्प जैन, कूकड़ा मंडल के प्रभारी विकास पंवार, अध्यक्ष अमित शास्त्री, उपाध्यक्ष सभासद प्रियांक कुमार, अंकित पाल, देवेन्द्र गौतम, सुधीर आर्य, विशाल खोखर, लोकेश बंसल, महामंत्री सुशील गोयल, नरेश कुमार, मंत्री संतोष देवी, नीरज कश्यप, अशोक प्रधान, प्रवेश भार्गव, सारिका और ऋषिराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# झूठा मुकदमा दर्ज करने वाले को पुलिस ने गिरफ़्तार किया

### - आरोपी ने एक युवक के विरुद्ध नकली टाटा चाय के पैकेट बनाने का मुकदमा दर्ज कराया

**मीरापुर, 24 अगस्त (बु.)।** टाटा कंपनी के कर्मचारी ने एक युवक के विरुद्ध नकली चाय की पत्ती को टाटा चाय के रेपर में पैक करने तथा बाजार में बिक्री कर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाते हुए कॉपीराइट का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की जांच की, तो सीसीटीवी फुटेज में मुकदमे का वादी ही स्वयं नकली पैकेट तैयार कराने वाला निकला। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज कराने वाला युवक ही पूर्व में नामजद कराए गए युवक को चाय की पत्ती व रैपर उपलब्ध कराता था। पुलिस के अनुसार आरोपी कई बेगुनाह युवकों से नकली टाटा चाय के पैकेट तैयार कराकर बाद में उनके विरुद्ध झूठे मुकदमें दर्ज करा चुका है तथा कंपनी से मोटा ईनाम पा चुका है।

पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि बिहार के मधुबनी जिले के थाना विसफी के सिंघिया निवासी अमित झा पुत्र शम्भूनाथ चंडीगढ़ में टाटा चाय की कम्पनी में काम करता है। अमित झा ने विगत दो अप्रैल को मीरापुर थानाक्षेत्र के मुकल्लमपुरा के मौहल्ला हनुमानपुरी निवासी रोहताश पुत्र मेघराज के खिलाफ नकली टाटा चाय के पैकटों को तैयार कर बिक्री करने के आरोप में कॉपीराइट का मुकदमा दर्ज कराया था तथा पुलिस ने रोहताश को जेल भेज दिया था। पुलिस ने जब मुकदमे की गहनता से जांच की, तो पुलिस उस समय चौंक गई, जब मोबाइल लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमे का वादी अमित झा ही असली आरोपी निकला। वही रोहताश से नकली पैकेट तैयार करा रहा था।

जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा उससे पूछताछ की तो आरोपी ने गुनाह स्वीकार करते हुए बताया कि कॉपीराइट का मुकदमा दर्ज कराने पर कम्पनी से मोटा ईनाम मिलता है, जिसके लालच में उसने झूठे मुकदमे दर्ज कराने शुरू कर दिए। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि मुकदमें की धारा में वृद्धि कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पंचायत सफल बनाने वाले सत्येंद्र पाल का कद बढ़ा

**बुढ़ाना, 24 अगस्त (बु.)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल का कद समाजवादी पार्टी में आज रविवार के दिन उस समय ऊंचा हो गया, जब उनको सपा में ईमानदारी से काम करने का सिला मिला और वे सपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा की प्रदेशीय कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष बना दिए गये। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जिले के सबसे सक्रिय सपा नेताओं में शुमार हो चुके शाहपुर निवासी मास्टर सत्येंद्र पाल ने एक और मास्टर स्ट्रोक लगाया है। आज लखनऊ में उन्हें समाजवादी शिक्षक सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस बड़ी नियुक्ति से उनके समर्थकों में हर्ष की लहर है। बाकायदा समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर एसपी सिंह पटेल ने उनकी यह नियुक्ति अखिलेश यादव के निर्देश पर की। इस पद का जो नियुक्ति-पत्र सपा नेता सत्येंद्र पाल को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सौंपा गया है, उसमें लिखा है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर तथा समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से आपको समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया जाता है। विश्वास है कि आप उक्त उत्तरदायित्व का समाजवादी पार्टी की विचार धारा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा और लगन से जन-जन तक पहुंचाते हुये पार्टी को और भी अधिक बल व गतिशीलता प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करेंगे। कुल मिलाकर उनको प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर सपा ने उनका कद बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल कल्पना चावला मेमोरियल इंटर कॉलेज शाहपुर के प्रबंधक भी हैं। इन्होंने बीते सप्ताह पीडीए जन महापंचायत में भारी भीड़ जुटाकर अन्य पार्टियों में खलबली मचा दी थी।

## शोक-सन्देश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती सीता देवी भाटिया**

(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र भाटिया)

का स्वर्गवास दिनाँक 13 अगस्त 2025, दिन-बुधवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म तेरहवीं, दिनाँक 25 अगस्त 2025, दिन- सोमवार को आशीर्वाद बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

| | |
|---|---|
| हवन (निज निवास) | 09:00 बजे प्रातः |
| ब्रह्मभोज | 12:00 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 02:00 से 03:00 बजे अपराह्न |

**शोकाकुल परिवारः-**
मनमोहन भाटिया, मनीष भाटिया (पुत्र)
आशीष भाटिया, मृदुल भाटिया (पौत्र)
धैर्य (प्रपौत्र) एवं भाटिया परिवार

**प्रतिष्ठानः-**
कृष्णांचल पल्प एण्ड पेपर्स प्रा० लि०
जौली रोड, मुज़फ्फरनगर

-: निज निवास :-
180/9 पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर M.9760009115, 8630480138

# अनीश दयाल सिंह बने डिप्टी एनएसए, रह चुके हैं पूर्व सीआरपीएफ डीजी

## - मणिपुर कैडर के 1988 के रहे हैं आईपीएस अधिकारी



**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** सीआरपीएफ और आईटीबीपी के पूर्व महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को नया उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। उन्हें आंतरिक मामलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मणिपुर कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी अनीश दयाल सिंह दिसंबर 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और हाल ही में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का नेतृत्व करने से पहले उन्होंने इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में लगभग 30 वर्षों तक सेवा की है। इस भूमिका में उनका व्यापक अनुभव है। अनीश उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर उग्रवाद सहित देश के आंतरिक मामलों के प्रभारी होंगे। पूर्व रॉ प्रमुख राजिंदर खन्ना अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं, जबकि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी टीवी रविचंद्रन और पूर्व आईएफएस अधिकारी पवन कपूर दो सेवारत उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। सीआरपीएफ प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अनीश ने कई अहम पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जैसे- नक्सलवाद से निपटने में सीआरपीएफ की प्रगति, तीन दर्जन से अधिक अग्रिम परिचालन स्थापित करना और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में चार नई बटालियनों की शुरूआत करना। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पहले विधानसभा चुनावों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने में सीआरपीएफ की भूमिका की भी देखरेख की। आंतरिक रूप से अनीश ने 130 से अधिक सीआरपीएफ बटालियनों के व्यापक पुनर्गठन की पहल की। यह आठ वर्षों में इस तरह का पहला पुनर्गठन था, जिसका मकसद परिचालन दक्षता में सुधार और सैनिकों को अधिक पारिवारिक समय प्रदान करना था, जिससे इकाइयों और उनके मूल केंद्रों के बीच की औसत दूरी 1,200 किमी से घटकर 500 किमी हो गई। उन्होंने प्रतिक्रिया एकत्र करने के लिए कंपनी कमांडरों के साथ संवाद सत्र भी शुरू किए, जिसकी बल के भीतर व्यापक रूप से सराहना की गई। यह नियुक्ति केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों को मानद रैंक प्रदान करने की मंजूरी के साथ हुई है। एक ऐसी नीति जिसका अनीश ने समर्थन किया था। इस वर्ष की शुरूआत में गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स के अधीनस्थ अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से एक नीति को मंजूरी देते हुए एक आदेश जारी किया था।

# पिछली बार चले थे भंडारे, इस साल पानी भी खरीदकर पी रहे अग्निवीर अभ्यर्थी

## - एक टॉयलेट रखकर प्रशासन ने निभा दी औपचारिकता, जाना पड़ रहा है दिशा शौच

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** एक तरफ तो प्रधानमंत्री मोदी जी का नारा है कि दिशा शौच मुक्त हो भारत हमारा और दूसरी तरफ कई बार ऐसा नजारा देखने को मिलता है, जिससे लगता है कि प्रशासन ही नहीं चाहता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा कभी साकार हो। इन दिनों मुजफ्फरनगर जनपद में अग्निवीर भर्ती चल रही है। ऐसे में हजारों की संख्या में युवक जनपद में पहुंच रहे हैं। आपको बता दें कि नुमाइश ग्राऊंड के अंदर की व्यवस्था तो सेना के हाथ में हैं, लेकिन बाहर की सारी व्यवस्था जिला प्रशासन यानी नगर पालिका की है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने जब भर्ती क्षेत्र यानी मेरठ-रूड़की रोड, नुमाइश कैंप के बाहरी क्षेत्र का दौरा किया, तो देखा कि मात्र प्रशासन ने एक ही टॉयलेट मौके पर रखकर प्रशासन ने अपनी औपचारिकता पूरी कर दी है। ऐसे में बुलेटिन की टीम ने भर्ती हेतु आये युवाओं से बातचीत की, तो पता चला कि उन्हें पानी की बोतल लेकर दिशा शौच करने जाना पड़ रहा है। ऐसे में इसका नुकसान है कि एक तो गंदगी फैलेगी और लोगों का गुस्सा भी प्रशासन को झेलना पड़ेगा, लेकिन शायद प्रशासन खुद नहीं चाहता कि उनकी छवि में सुधार आये। सोचने वाली बात है कि जब प्रशासन को पता था कि हजारों की संख्या में युवा भर्ती में भाग लेने आयेंगे, तो शौचालयों की जरूरत होगी। ऐसे में अगर 1000 युवाओं को शौचालय का प्रयोग करना होगा, तो अपनी-अपनी बारी आते-आते पूरा दिन लग जायेगा। सोचने वाली बात है कि फिर वह भर्ती में भाग ले पायेगा या नहीं। आपको बता दें कि पहले दिन गौतमबुद्ध नगर और शामली जिले की छह तहसीलों से 985 पंजीकृत युवाओं ने भाग लिया। इस बार की भर्ती में कई नई पहल की गई हैं। नुमाइश मैदान के पक्के ट्रैक पर पहली बार 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। अभ्यर्थियों को 100-100 के समूहों में बांटा गया। उन्हें लाल, नीले और पीले रंग के चेस्ट नंबर दिए गए। चार समूहों में पांच से सवा छह मिनट के बीच दौड़ कराई गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। मेरठ रोड को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। शामली और सहारनपुर से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। ऐसे में जब इतना पुलिस बल तैनात है और साथ ही हजारों की संख्या में युवा तो आप समझ लिजिये कि एक टॉयलेट के सहारे कैसी व्यवस्था चल रही है।

### इस बार नहीं जागा कोई नेता, नहीं लगा भंडारा

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** पिछली बार जब यह अग्निवीर भर्ती हुई थी, तो कई नेताओं और उद्योगपतियों ने इसमें भंडारे लगाकर खाने का इंतजाम किया था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इस बार किसी दयालु या पुण्य करने वाले का ईमान नहीं जागा है, जिसके कारण युवकों और उनके साथ आये साथियों को बाहर का दूषित और मंहगा खाना ग्रहण करना पड़ रहा है।

ऐसे में हम किसी को यह करने पर जबरन तो मजबूर नहीं कर सकते, लेकिन कुछ चीजें शुरू करें, तो आपको इसे आगे भी निभाना चाहिये। नेताओं पर तो सीधा आरोप लगता है कि अगर चुनाव नजदीक हों तो वोट पाने के लिये कुछ भी कर जाते हैं, लेकिन अगर कोई राजनीतिक फायदा ना हो तो फिर जो मर्जी हो, कुछ नहीं करना है।




### कौन पियेगा ऐसा दूषित पानी

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** आपको बता दें कि विकास भवन के पास अस्थाई शौचालय की गाड़ी के पास ही पीने के पानी का टैंकर रखा हुआ है, लेकिन उस टैंकर से किसी को पानी पीते हुए नहीं देखा।

ऐसे में इन्हीं टैंकरों से सड़क की धूल को बैठाने के लिये जल का छिड़काव किया जाता है। प्रशासन को जब पता है कि एक इतनी बड़ी स्कीम के तहत यहां भर्ती प्रक्रिया होने वाली है, तो फिर ऐसा ढुलमुल रवैया अपनाना उनकी मंशा पर सवाल खड़े कर देता है।

# मोनू की तेरहवीं में जुटी भीड़, पुलिस रही एलर्ट

**बुढ़ाना, 24 अगस्त (बु.)।** छह दिन पहले पब्लिक के हाथों घायल होकर अगले दिन अपने घर पर मरे मोनू की तेरहवीं में आज रविवार के दिन कस्बे के एक बैंकट हाल में भीड़ जुटी। यहां मृतक मोनू को श्रद्धांजलि देने पहुंचे उत्तर प्रदेश के कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण विभाग के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शोकसभा में उपस्थित जन समूह को जानकारी देते हुए बताया कि मृतक मोनू खटीक के परिजनों को सरकार की ओर से सवा आठ लाख रुपए की आर्थिक मदद जल्द से जल्द ही मिल जाएगी और वे भी अपनी तरफ से मोनू खटीक के परिवार को 50 हजार रुपये दे रहे हैं। इसके अलावा यहां पर 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद भाजपा नेता नितिन मलिक द्वारा की गई। शोकसभा में मुख्य रुप से उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश खटीक, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, स्वामी यशवीर महाराज, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विनीत कात्यायन, उपाध्यक्ष नितिन मलिक, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामनाथ ठाकुर, खतौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी, पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, जिला मंत्री सुधीर खटीक, जिला मंत्री अनुसूचित मोर्चा गौरव मुंडे और हिमांशु मोघा सहित भारी संख्या में भाजपा के कई नेता और खटीक समाज के काफी लोग पहुंचे।



# पूजा पाल को लेकर अखिलेश का बड़ा बयान, बोले- मार देंगे बीजेपी वाले, जेल जाएंगे हम लोग




**लखनऊ, 24 अगस्त (एजेंसी)।** पूजा पाल ने एक पत्र में अपनी जान को खतरा बताते हुए लिखा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके लिए समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव जिम्मेदार होंगे। पूजा पाल के इस आरोप पर अब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का बयान सामने आया है। अखिलेश यादव ने रविवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में पूजा पाल के आरोपों का जवाब दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि जो सीएम से मिल रहा है, उसे मुझसे खतरा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब वो मेरे साथ थीं तो जान का खतरा नहीं था। सपा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि इस मामले में सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। पूजा पाल के आरोपों पर अखिलेश यादव ने कहा, "एक बात समझ में नहीं आती कि कोई मुख्यमंत्री से मिले और उसे जान का खतरा दूसरे दल के नेता से हो। ये बात मैं समझ नहीं पा रहा हूं। शायद वो मीडिया, वो वाला मीडिया मुझे समझा पाए।" अखिलेश ने यह भी कहा, " हम लोग जेल चले जाएंगे, मार देंगे बीजेपी वाले, हालांकि नहीं बोलनी चाहिए यह बात। लेकिन अगर कोई ऐसी कोई बात है कि किसी के मन में कि किसी से खतरा है। तो इसकी जांच हो। आखिरकार कौन ऐसे लोग हैं, कौन ऐसे संगठन के लोग है। जो किसी की जान ले सकते हैं।

# डीआरडीओ ने स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली किया का सफल परीक्षण

## - ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की बजाई थी एस-400 ने बैंड



**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** भारत ने हवाई सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने ओडिशा तट से अपने इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम का पहला सफल परीक्षण किया। यह प्रणाली पूरी तरह स्वदेशी है और कई परतों वाली हवाई सुरक्षा देती है। क्थ्अह्र एक नई वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें तीन आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिसमें क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और हाई पावर लेजर आधारित डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल है। इन्हें एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर से नियंत्रित किया जाता है। यह तकनीक दुश्मन के हवाई हमलों को अलग-अलग ऊंचाई और दूरी पर रोक सकती है। टेस्ट के दौरान तीन अलग-अलग टारगेट्स को एक साथ निशाना बनाया गया। जिसमें दो हाई-स्पीड ड्रोन और एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन शामिल है। तीनों टारगेट्स को लेजर हथियार से तुरंत गिरा दिया जाता है। सभी सिस्टम ने बिना किसी रुकावट के काम किया। इस परीक्षण के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए उंफ्र्क्ष्ठ और सशस्त्र बलों को बधाई दी. उन्होंने लिखा कि मैं आईएडीडब्ल्यूएस के सफल विकास के लिए डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई देता हूं।

# यमुना में स्नान करते समय 28 वर्षीय युवक यमुना में डूबा

## –गोताखोरों ने यमुना में डूबे युवक की तलाश की



**कैराना, 24 अगस्त (बु.)।** यमुना में स्नान के दौरान 28 वर्षीय रामेश्वर मीणा निवासी जयपुर हाल निवासी पानीपत यमुना के गहरे पानी में डूब गया। साथियों द्वारा शोर मचाने पर गोताखोरों ने मोटर बोट के सहारे युवक की तलाश की, लेकिन युवक का पता नहीं चल रहा है। शनिवार शाम हरियाणा के पानीपत के मौहल्ला नूर वाला निवासी 28 वर्षीय रामेश्वर मीणा अपने परिवार के ही महेश मीणा, अनिल और चचेरे भाई राजेंद्र के साथ यमुना में स्नान करने आए थे। सभी युवक हरियाणा की साइड यमुना में स्नान करने लगे। इस दौरान रामेश्वर मीना यमुना के गहरे पानी में डूब गया। युवक को डूबता देख साथियों ने शोर मचा दिया। बाद में सूचना पर गोताखोरों ने मोटर बोट के सहारे यमुना में डूबे युवक की तलाश की। रात तक भी युवक का पता नहीं चलने पर गोताखोरों ने सर्च अभियान रोक दिया। वहीं रविवार सुबह 11:00 बजे गोताखोरों ने फिर से यमुना नदी में युवक की तलाश की, लेकिन गोताखोरों को कोई सुराग नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम तक भी यमुना नदी में गोताखोर तलाश में जुटे रहे। वहीं समाचार लिखे जाने तक यमुना में डूबे युवक का पता नहीं चल सका। यमुना में डूबे रामेश्वर मीणा के बड़े भाई राजकुमार ने बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। कई सालों से पानीपत के मोहल्ला नूर वाला में रहकर टाइल, पत्थर लगाने का काम करते हैं। वह दो भाई हैं, जिसमें रामेश्वर मीणा उसका छोटा भाई है तथा अविवाहित है।

### ट्रक की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार दो युवक

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा बाईपास फ्लाई ओवर के नीचे गलत दिशा से आए ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नई मंडी कोतवाली के मुस्तफाबाद निवासी फरहान और फराज बाईपास पर जनरल स्टोर है। रविवार दोपहर को दोनों बाइक से सवार होकर पचैंडा बाईपास स्थित फ्लाई ओवर से होकर गुजर रहे थे। इसी बीच गलत साइड से तेजी पर आए ट्रक ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ने भागने का प्रयास किया। एकत्र हुए लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

# कचहरी में हुई दो पक्षों में मारपीट, सिविल लाइन थाने में हुआ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** जनपद की कचहरी में दो पक्ष जो मामला सुलझाने आये थे, लेकिन सुलझाने की बजाये मामला और उलझ गया। दोनों पक्षों में अचानक मारपीट होने लगी। युवक ने पत्नी व उसके परिजनों के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार भोपा थाने के गांव कासमपुरा निवासी प्रवीन ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी तनु गांव शेरनगर थाना पथरी हरिद्वार के साथ उसका विवाद चल रहा है। गणमान्य लोगों ने उनमें समझौता कराया था कि दोनों कोर्ट में संयुक्त रूप से दांपत्य विवाद का विवाह विच्छेद के तहत समझौता कर लेंगे। दोनों पक्ष कचहरी में अधिवक्ता के चेंबर पर आए थे। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित युवक व उसकी मां के साथ मारपीट की गयी। पीड़ित ने अपनी पत्नी तनु, उसके पिता मामंचद, भाई दीपांशु व संजय निवासी गांव मिर्जा टिल्ला के खिलाफ थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मेडिकल स्टोर संचालक लापता, सुसाइड नोट भी बरामद

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** संदिग्ध परिस्थितियों में मेडिकल स्टोर संचालक लापता होने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। उसके दुकान पर एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी पंकज वर्मा का महावीर चौक पर मेडिकल स्टोर है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार का मेडिकल स्टोर संचालक सुबह के समय अपनी दुकान पर पहुंचा और बाइक व मोबाइल मेडिकल स्टोर पर छोड़ दिया। उसने पड़ौसी को बताया कि वह बहादराबाद में अपने बीमार बहनोई को देखने के लिए जा रहा है। उसके बाद वह लापता हो गया। उसने अपनी डायरी में सुसाइड नोट भी लिखा है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गयी है। उन्हें लास्ट बार रेलवे स्टेशन पर देखे जाने की बात सामने आई है।

# पालिका से हुई कई महत्वपूर्ण पत्रावलियां गुम, मचा हड़कंप

## - स्पेशल ऑडिट की जांच में सामने आई गंभीर अनियमितता

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु.)।** चेयरपर्सन के तमाम प्रयासों के बावजूद पालिका में नित्य नए गंभीर प्रकरण सामने आ रहे हैं। ऐसे में फिर चाहे फर्जी किरायेदारी प्रमाण पत्र जारी करना रहा हो या जन्म प्रमाण पत्र, शिकायतें होती हैं तो उन्हें दबा दिया जाता हैं। पूर्व में शासन में हुई विभिन्न शिकायतों और लोकायुक्त के आदेश पर विभिन्न बिन्दुओं पर शुरू स्पेशल ऑडिट में यह बात सामने आई है कि जिन प्रकरणों में शासन या लोकायुक्त को शिकायत की, उनमें से अधिकांश प्रकरणों से जुड़े दस्तावेज और पत्रावलियां पालिका के विभागों से गुम हैं। लेखा अधिकारी की शिकायत के बाद ईओ ने प्रकरण में छानबीन की तो कई पत्रावलियां गुम होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। शासन और लोकायुक्त से पूर्व में हुई कुछ शिकायतों के आधार पर स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग निदेशालय प्रयागराज के आदेशों पर नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के अभिलेखों का स्पेशल ऑडिट चल रहा है। इनमें अचल संपत्तियों पर अवैध कब्जे, शहर में कुछ निजी संपत्ति के कर निर्धारण में गड़बड़ी, नियमों के विपरीत जन्म प्रमाण पत्र जारी करने, दाखिल खारिज में नियमों की अनदेखी कर अनुचित लाभ पहुंचाने, गाजावाली में तालाब की भूमि पर कब्जा और पालिका मार्किट की दुकानों के किराया संबंधी मामलों में मिली शिकायतों के आधार पर स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग सहारनपुर मण्डल के उप निदेशक ने निदेशालय के निर्देशन में टीम गठन कर पालिका में स्पेशल ऑडिट शुरू कराया। इसमें स्पेशल ऑडिट टीम के प्रभारी सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी देवेन्द्र प्रकाश आर्य के नेतृत्व में बिन्दुवार जांच की जा रही है, लेकिन लाख प्रयासों के बाद भी जांच टीम को वांछित दस्तावेज व पत्रावलियां उपलब्ध ही नहीं कराई जा रही है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने टीम प्रभारी की शिकायत मिलने पर जब जांच पड़ताल कराई तो खुद उनके भी होश उड़ गये, क्योंकि पालिका से कई प्रकरणों की पत्रावलियां ही गुम कर दी गई, पत्रावली है तो उनमें से महत्वपूर्ण दस्तावेज लापता हैं। इसमें सात प्रकरणों की पत्रावली व वांछित दस्तावेज टीम को उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। जिनमें से चार कर विभाग, दो निर्माण विभाग और एक स्वास्थ्य विभाग जन्म मृत्यु पटल से जुड़े मामले है। इनमें खसरा नंबर 510, 677, 940, 1116, 1240, 940, 1116/7, 1116/4 एवं 1116/3 पर अवैध कब्जों से हो रही राजस्व क्षति की शिकायत की ऑडिट पत्रावलियां उपलब्ध नहीं होने के कारण नहीं हो पा रही है। रुड़की रोड गाजावाली पर करीब 15-20 बीघा भूमि और जोहड़ पर अवैध कब्जा, जन्म मृत्यु प्रकरण से जुड़ी पत्रावली भी नहीं मिली है। शहर के भोपा रोड स्थित ग्रांड प्लाजा मॉल पर गृहकर निर्धारण की पत्रावली तो तलाश करने के बाद नहीं मिली है। इसके साथ ही पालिका मार्किट की दुकानों से जुड़े किराया सम्बंधित प्रकरण की पत्रावलियां स्पेशल ऑडिट टीम को अभी तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

उधर इस सम्बन्ध में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पालिका में चल रहे स्पेशल ऑडिट प्रभारी लेखा अधिकारी देवेन्द्र आर्य की शिकायत के बाद उन्होंने विभागीय स्तर पर वांछित दस्तावेज और पत्रावलियों की अनुपलब्धता पर जांच कराई तो चौंकाने वाली बात सामने आई है। ग्रांड प्लाजा मॉल पर निर्धारित हुए गृहकर की मूल पत्रावली गुम है, वहीं कई पत्रावलियां और दस्तावेज पालिका के विभागीय रिकॉर्ड में नहीं मिल पा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वो गायब हैं, जो गंभीर अनियमितता है, इसके लिए जांच कराई जा रही है। दोषी पाने पर कार्यवाही की जायेगी।






# हादसे में घायल किशोरों के परिजनों ने बीच सड़क पर दिया धरना

## - कार्रवाई की मांग को लेकर घायलों लिए इंसाफ की लगाई गुहार



**भोपा, 24 अगस्त (बु.)।** थानाक्षेत्र ककरौली के बेहड़ा सादात-कैड़ी मार्ग पर बीते सप्ताह ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए तीन किशोरों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं घायलों के परिजनों ने हादसे में घायल हुए किशोरों मामले में कोई कार्रवाई ना होने का आरोप लगाते हुए बीच सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया और इंसाफ की गुहार लगाई। ककरौली थानाक्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी तीन किशोर बीते रविवार को बाइक पर सवार होकर दवाई लेने के लिए थानाक्षेत्र के गांव गंगदासपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में गांव कैड़ी के पास उनकी बाइक को सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार देवा 18 वर्ष, उसका छोटा भाई देवांश 14 वर्ष तथा कल्लू उर्फ योगी 12 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल हुए देवा और देवांश सगे भाई जबकि कल्लू उनका चचेरा भाई है। ग्रामीणों ने बताया कि तीनों आपस में बेहद घनिष्ठ थे और अक्सर साथ ही खेलकूद और घूमने जाते थे। रविवार को भी तीनों बाइक पर सवार होकर दवाई लेने के लिए निकले थे। ट्रैक्टर की टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद चीख- पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दुर्घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने गंभीर हालत के चलते तीनों को जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर में पहुंचाया था। हादसे में घायल हुए देवा की नाजुक हालत के चलते उसे मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था, जबकि देवांश और कल्लू का उपचार मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय में ही चल रहा है। रविवार को घायलों के परिजन बबली, सोनू, सरला अपने बच्चों के साथ बेहड़ा सादात चौराहे पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया व बीच सड़क पर धरना देकर बैठ गए और इंसाफ की गुहार लगाने लगे। यह देख मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके बाद सूचना पर पहुंची ककरौली पुलिस किसी तरह समझा-बुझाकर घायलों के परिजनों को ककरोली थाने ले गई। थानाध्यक्ष ककरौली जोगेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे के बाद परिजन थाने नहीं आए और आज भी थाने ना पहुंचकर इलाज के रुपयों को लेकर विवाद के चलते हंगामा किया गया है। परिजनों को थाने बुलाकर तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सहारनपुर में सांसद इमरान मसूद समेत कांग्रेस के बड़े नेता नजरबंद

**सहारनपुर, 24 अगस्त (एजेंसी)।** वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने रविवार को जिले में बाइक रैली निकालने का ऐलान किया था। मगर प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी और सभी नेताओं को नजरबंद कर दिया। कथित वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को बाइक रैली निकालने का निर्णय लिया था। इससे पहले ही शनिवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को नजरबंद कर दिया। रविवार को कांग्रेस नेताओं ने सांसद इमरान मसूद के घर पर नजरबंदी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रशासन ने कांग्रेस को रैली निकालने की इजाजत नहीं दी थी। इसके बाद नेता रैली निकालने की जिद पर अड़े रहे। इसी के चलते शनिवार देर रात पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक मसूद अख्तर आदि को नजरबंद कर दिया। भारी संख्या में सांसद इमरान मसूद के घर पर पीएसी बलों की तैनाती की गई। इसके बाद कांग्रेस ने बाइक रैली को स्थगित कर दिया। पत्रकार वार्ता में सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हम अनुशासित लोग हैं। हम कोई भी ऐसा कार्य नहीं करते, जिससे जनता या प्रशासन को परेशानी हो। जब भी विपक्ष धरना प्रदर्शन या विरोध करता है तो एकदम से धारा 163 लागू कर दी जाती है। सभी तरफ पुलिस लगा दी गई। लोगों को आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि समय बदलाव का है। जो वोट चोरी हुई है, उसके खिलाफ पार्टी ने तथ्यामक सबूत दिए हैं। चुनाव आयोग की चुप्पी बताती है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है। बिहार से राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है। बाबा साहेब ने अमीर और गरीब सभी को एकसमान वोट का अधिकार दिया है। हम इसे समाप्त नहीं होने देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग को आधार कार्ड के तहत वोट बनवाने के आदेश दिए हैं। तकनीक का जमाना है, एक चिप पर सारा डाटा सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके बाद भी चुनाव आयोग जानकारी को डिलीट कर रहा है।



# सहारनपुर में दिनदहाड़े एक किलो चांदी लूटी



**सहारनपुर, 24 अगस्त (एजेंसी)।** देहात कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुरी मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने सराफ विक्की की बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद हैंडल में बंधा हुआ करीब एक किलो चांदी की पाजेब से भरा थैला लेकर भाग गए। मोहल्ला न्यू हनुमान नगर निवासी सराफ अजीत कुमार ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से गांव सलेमपुरी भूकड़ी में चांदी की पाजेब बेचने का काम करते हैं। वह प्रतिदिन की तरह अपने पोते शिवा के साथ दुकान के लिए निकले थे। गांव शंकरपुरी से आगे रास्ते में पहुंचे, तभी सामने से काले रंग की बाइक पर तीन युवक आए। उन्होंने विक्की की बाइक के सामने अपनी बाइक अड़ा दी। इससे सराफ व उनका पौता गिर गए। बाइक सवार युवकों ने विक्की की बाइक के हैंडल में बंधा चांदी की पाजेब से भरा थैला लूट लिया और फरार हो गए। थैले में करीब एक किलो चांदी की पुरानी व नई पाजेब थी। पीड़ित थाने पहुंचा और घटना के बारे में बताया। पुलिस ने अज्ञात में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# मामूली विवाद के चलते चाय की दुकान पर मचा घमासान

**भोपा, 24 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के कस्बा भोपा के गंग नहर पुल के पास दुकान पर चाय पी रहे तीन दोस्तों के चाय के गिलास में एक अज्ञात व्यक्ति का पैर लगने के बाद मजाक में हुई कहासुनी में लगभग आधा दर्जन लोगों ने हमला बोलकर एक युवक को घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने घायल युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्यवाही शुरू कर दी है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी ताबिस ने थाने पर पहुंचकर बताया कि रविवार दोपहर वह अपने दोस्त सुबान और आशियान के साथ भोपा गंग नहर पुल के पास जावेद की दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे।

आरोप है कि तभी एक अज्ञात व्यक्ति वहां आया और उनकी चाय के गिलास में पैर मार दिया, जिस पर उसने मजाक में उक्त व्यक्ति से चाय के पैसे देने के लिए कह दिया, जिस पर आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी, जब तीनों ने गाली-गलौच से मना किया, तो उसने फोन कर अपने तीन साथियों को मौके पर बुला लिया, जिन्होंने आते ही तीनों पीड़ितों से मारपीट करनी शुरू कर दी और हाथ में ली गई नुकीली चीज से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लापता किशोरी पंजाब से बरामद,आरोपी गिरफ़्तार

**मीरापुर, 24 अगस्त (बु.)।** कस्बे के एक मौहल्ला निवासी मुस्लिम किशोरी को पंजाब के थाना मत्तेवाल के गांव उडेका कलां निवासी मनप्रीत उर्फ संजू पुत्र लखविंदर अपने साथ भगा ले गया था। पुलिस ने रविवार को गांव उडेका कलां से किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा थाने ले आई। इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि किशोरी को मैडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है तथा आरोपी का चालान कर दिया।

# इजरायली एयर स्ट्राइक से दहली यमन की राजधानी सना




**तेलअवीव, 24 अगस्त (एजेंसी)।** इजरायल ने यमन की राजधानी सना पर एयर स्ट्राइक्स करके ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के हवाई हमलों का जवाब दे दिया है। रविवार को सना के ज्यादातर रिहायशी इलाकों में धमाके की आवाज सुनाई दी। हूती मीडिया कार्यालय ने दावा किया कि इजरायल के द्वारा स्ट्राइक में कई जगहों को निशाना बनाया गया, जिसमें हेज्याज बिजली संयंत्र और एक गैस स्टेशन शामिल है। हालांकि, इजरायल की ओर से इन स्ट्राइक्स को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई और पांच से अधिक घायल हुए हैं। घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजधानी सना के लोगों का कहना है कि पूरे शहर में धमाके की आवाज सुनाई दी गई, जिनमें राष्ट्रपति भवन और एक बंद सैन्य अकादमी के आसपास भी विस्फोट हुए। राजधानी के साबिक चौक के पास धुएं के गुबार उठते भी देखा गया। राजधानी सना के एक निवासी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि धमाके की आवाज बहुत तेज थी, इसे दूर से भी सुना जा सकता था। एक अन्य निवासी ने कहा कि घर हिल गया और खिड़कियां टूट गईं। बीते दो सालों में हूती विद्रोहियों की ओर से लाल सागर में व्यापार करने वाले जहाजों को लगातार हमले किए जा रहे हैं। इस रास्ते से हर साल लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर का सामान गुजरता है। नवंबर 2023 से दिसंबर 2024 के बीच हूती ने 100 से ज्यादा जहाजों को निशाना बनाया। जिससे भारी भरकम नुकसान पहुंचा।

# पीएम के सलाहकार संजीव सान्याल ने राम भजन पर किया जबरदस्त डांस



**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो ने जमकर वायरल हो रहा है, वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और मशहूर अर्थशास्त्री संजीव सान्याल राम भजन पर नृत्य करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को सोशल साइट एक्स पर प्रतीक नाम के यूजर ने शेयर किया है। प्रतीक ने इसे शेयर करते हुए अपने पोस्ट में सान्याल की बहुमुखी प्रतिभा का जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि, "सोचिए, एक व्यक्ति जो देश की अर्थव्यवस्था को दिशा देता है, दसवीं सदी के जहाज निमार्ता का कॉस्प्ले करता है, इतिहास की किताबें लिखता है और फिर राम भजनों पर ब्रेक डांस करता है। यही हैं संजीव सान्याल!" इस पोस्ट के साथ वायरल हुए वीडियो में सान्याल को राम भजन पर डांस करते देखा गया। वीडियो को लेकर यह भी बताया जा रहा है कि यह वीडियो संगम टॉक्स द्वारा आयोजित स्वराज्य कॉन्क्लेव 2025 का है, जहां सान्याल का यह हल्का-फुल्का और सहज अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद संजीव सान्याल का इस वीडियो पर रिएक्शन भी सामने आया है। उन्होंने इस वायरल वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मैं चाय पीने जा रहा था, तभी गलियारे में नाच रहे लोगों का समूह दिखा। मैं उनके साथ सिर्फ 30 सेकंड के लिए शामिल हुआ, लेकिन मुझे नहीं पता था कि यह इतना वायरल हो जाएगा!" उनकी इस सादगी और सहजता ने लोगों का दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने सान्याल की इस मस्ती को खूब सराहा। एक यूजर ने लिखा, "आप वाकई कमाल के हैं।" एक अन्य ने कहा, "आप जैसे लोग हैं, तभी भारत सुरक्षित हाथों में है। हम चाहते हैं कि आप एक दिन देश का नेतृत्व करें।"

# नुमाईश कैंप के पास अग्निवीर भर्ती ग्राउंड के पास सांप को किया रेस्क्यू

**मुजफ्फरनगर, 24 अगस्त (बु)।** नुमाईश कैंप के पास अग्निवीर भर्ती ग्राउंड के पास सांप निकलने से हड़कंप मच गया। ऐसे में यहां लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। नुमाईश कैंप के पास सांप उस समय पकड़ा गया, जब पास में अग्निवीर की भर्ती चल रही थी और आसपास के जनपदों से भी युवक आये हुए थे। ऐसे में मौके पर सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया। उसने कुछ ही समय में सांप को अपने कब्जे में ले लिया। उसने जानकारी देते हुए बताया कि यह इतना जहरीला सांप नहीं था। इससे ज्यादा नुकसान नहीं हो सकता है। बाद में सांप को पकड़ने वाला अपने साथ ले गया और उससे जंगली क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।